CS (MAIN) Exam : 2017

वियोज्य *DETACHABLE*

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र I)

# PSYCHOLOGY (Paper I)

*समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

**दो खंडों** में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिये ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer each the following questions in about 150 words : 10×5=50

1.(a) वर्णन कीजिए कि आपने किसी सामाजिक समस्या का समाधान निकालने के लिए मनोविज्ञान का इस्तेमाल किस प्रकार किया था ।

Describe how you used psychology to solve a social problem. 10

1.(b) निषेधात्मक प्रबलीकरण और दंड के बीच अंतर कीजिए । क्या आपके विचार में दंड व्यवहार का आशोधन करने का एक प्रभावी तरीका है ?

Distinguish between negative reinforcement and punishment. Do you think punishment is an effective way to modify behaviour ? 10

1.(c) एक अध्ययन में, एक कॉलेज में भर्ती किए गए छात्रों की संख्या और हिंसा के बीच बहुत अधिक सहसंबंध पाया गया । अनुसंधान परिणाम की व्याख्या कीजिए ।

In a study, the number of students intake in a college correlated very highly with violence. Explain the research finding. 10

1.(d) क्या आप सोचते हैं कि अवसीम संदेश वास्तव में अभिवृत्तियों अथवा व्यवहार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं ? अनुसंधान साक्ष्य प्रस्तुत कीजिए ।

Do you think subliminal messages can actually lead to significant changes in attitudes or behaviour ? Cite research evidence. 10

1.(e) मनोविज्ञान, व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है । मूल्यांकन कीजिए ।

Psychology is the scientific study of behaviour. Evaluate. 10

2.(a) हम क्यों भूल जाते हैं ? आघातोत्तर और अभिघातपूर्व स्मृतिलोप के बीच विभेदन कीजिए ।

Why do we forget ? Differentiate between anterograde and retrograde amnesia. 20

2.(b) ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 'फ़ोकस समूह परिचर्या' का आप किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं ?

How can you use 'Focus Group Discussion' to promote use of toilets in rural areas ? 15

2.(c) एक तीन-वर्ष के बालक को शौचालय का प्रशिक्षण देने के लिए, आप क्रियाप्रसूत अनुकूलन तकनीक का किस प्रकार अनुप्रयोग करेंगे ?

How would you apply Operant Conditioning technique for toilet training to a 3-year-old boy ? 15

3.(a) हम जो भी हैं, जीनों के कारण हैं । विवेचन कीजिए ।

Whatever we are, it is because of Genes. Discuss. 15

3.(b) यह सिद्ध करने के लिए कि शिक्षण की कोई विशेष विधि सर्वोत्तम परिणाम देती है, आप कौन से अनुसंधान अभिकल्प का अनुप्रयोग करेंगे ? वर्णन कीजिए ।

Which research design would you apply to prove that a particular method of teaching yields best results ? Describe. 20

3.(c) हम विश्व का तीन-आयामों में किस प्रकार प्रत्यक्षण करने में सक्षम हैं, जबकि हमारी आँखें केवल दो-आयामी छवियों का ही संवेदन करने में सक्षम हैं ?

How are we able to perceive the world in three dimensions when our eyes are capable of sensing only two-dimensional images ? 15

4.(a) "साक्षात्कार" का एक आंकड़ा संग्रह विधि के रूप में मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate "interview" as a method of data collection. 20

4.(b) कोडन में अर्थपूर्णता एवं संवेगात्मक भाव प्रबोधन की भूमिका की व्याख्या कीजिए। कोडन विनिर्दिष्टता सिद्धांत के निहितार्थों की विवेचना कीजिए।

Explain the role of meaningfulness and emotional arousal in encoding. Discuss the implications of encoding specificity principle. 15

4.(c) स्मृति के विभिन्न स्तरों पर, सूचना प्रक्रमण में अन्तरों को समझाइये। पुनः स्मरण सूचना के प्रारंभिक प्रक्रमण से किस प्रकार प्रभावित होता है ?

Explain the differences in information processing at various levels of memory. In what way is recall affected by initial processing of information ? 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer each of the following questions in about 150 words : 10×5=50

5.(a) सर्जनात्मक लोगों में सामान्यतः उच्च बुद्धि लब्धि (आई. क्यू.) स्कोर होते हैं लेकिन ज़रूरी नहीं है कि उच्चतम आई. क्यू. स्कोर वाले ही सबसे अधिक सर्जनात्मक लोग होते हैं। व्याख्या कीजिए।

Creative people usually have high IQ scores but those with highest IQ scores are not necessarily the most creative people. Explain. 10

5.(b) नोम चोम्स्की के रचनांतरणपरक व्याकरण (ट्रांस्फ़ोरमेशनल ग्रामर) की थियोरी का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate Noam Chomsky's theory of transformational grammar. 10

5.(c) औषधि व्यसन केवल एक अपव्यनुकूली व्यवहार है। अन्य व्यवहारों की तरह, इसे भी सरलता से बदला जा सकता है। विवेचन कीजिए।

Drug-addiction is just a maladaptive behaviour. Like other behaviour, it can be easily changed. Discuss. 10

5.(d) आर.ई.एम. निद्रा में विरोधाभासी क्या है ? निद्रा की विभिन्न अवस्थाओं की अवधि में व्यक्ति कितना सक्रिय होता है ?

What is paradoxical in REM sleep ? How active is a person during different stages of sleep ? 10

5.(e) समस्या समाधान के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के तर्कना प्रक्रमों की उनकी सामर्थों और परिसीमाओं के साथ, व्याख्या कीजिए।

Explain different types of reasoning processes used in problem solving with their strengths and limitations. 10

6.(a) गार्डनर की थियोरी के अनुसार, व्यक्तियों का श्रेणीकरण करने हेतु कोई एक सामान्य बुद्धि प्रकार नहीं होता है । स्पष्ट कीजिए ।

According to Gardner's theory, there is no one kind of general intelligence for ranking individuals. Explain. 15

6.(b) एक युवक ने एक दृष्टिहीन महिला की सड़क पार करने में सहायता की । उसने अपनी क्रिया की व्याख्या करते हुए कहा कि उसकी ऐसे लोगों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति है । क्या उसकी अभिवृत्तिने उसके व्यवहार को निर्धारित किया था अथवा कि उसके व्यवहार ने उसकी अभिवृत्ति को निर्धारित किया था ? विवेचन कीजिए ।

A young person helped a visually impaired woman to cross the road. He explained his action saying that he has positive attitude towards such persons. Did his attitude determine his behaviour or the behaviour determine his attitude. Explain. 20

6.(c) भाषा विकास में 'क्रांतिक अवधियों' के महत्व की विवेचना कीजिए । द्विभाषावाद और संज्ञानात्मक विकास का किन-किन तरीकों में संबंध हैं ?

Explain the importance of Critical Periods in language development. In what ways are bilingualism and cognitive development related ? 15

7.(a) एक सफल उद्यमी होने के लिए व्यक्ति में कौन सी आवश्यकताएं अधिक होनी चाहिए ? इसको मैसलो के आवश्यकता सोपान के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

Which needs should one be high on to be a successful entrepreneur ? Explain on the basis of Maslow's Hierarchy of Needs. 15

7.(b) क्या हम प्रक्षेपी और वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के द्वारा व्यक्तित्व को मापने में न्याय कर सकते हैं ? विवेचन कीजिए ।

Can we do justice to measuring personality by projective and objective tests ? Discuss. 20

7.(c) क्या कारण है कि कुछ लोग उन लोगों के प्रति आक्रामक व्यवहार करते हैं, जो सामाजिक प्रतिमानों का विरोध करते हैं ? इस प्रकार के आक्रामक व्यवहारों को कैसे बदला जा सकता है ?

Why do some people behave aggressively towards those who defy social norms ? How can such aggressive behaviours be changed ? 15

8.(a) क्या हम व्यक्ति के शैक्षिक निष्पादन का निर्धारण केवल आई.क्यू. स्कोर के आधार पर कर सकते हैं ? विवेचन कीजिए ।

Can we determine a person's academic performance based only on IQ score ? Explain. 20

8.(b) किसी व्यक्ति के स्व-पराजयी व्यवहार को हम मानवतावादी परिप्रेक्ष्य से किस प्रकार समझाते हैं ?

How do we explain self-defeating behaviour of a person from the Humanistic perspective ? 15

8.(c) लोग स्थितिगत कारकों की अपेक्षा व्यक्तिगत विषेशकों पर अधिक बल देते हैं। इस कथन का मूल्यांकन कीजिए ।

People emphasize the personal traits more than the situational factors. Evaluate the statement. 15

---